**Title**: Discussion on the resolution moved by Shri Ramanand Singh regarding utilisation of Funds by the States. (Not Concluded)

1639 hrs

MR. CHAIRMAN : The House shall now take up the Resolution of Shri Ramanand Singh. Before we take up that Resolution for discussion, we have to fix the time for discussing that Resolution. Shall we fix two hours for it?

SHRI RAMESH CHENNITHALA (MAVELIKARA): Since it is an important subject, I suggest we should fix three hours for its discussion.

MR. CHAIRMAN : Let us fix the time as two hours. We can always extend it later on.

1640 बजे

**श्री रामानन्द सिंह (सतना) :** सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :-

"यह सभा केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं विशेकर ग्रामीण गरीबी उपशमन क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा आबंटित निधियों का राज्यों द्वारा उपयोग नहीं करने पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है और सरकार से आग्रह करती है कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे, कि इन योजनाओं के लिए निर्धारित की गई धनराशि के समुचित और समय पर उपयोग करने हेतु राज्य सरकारों को निदेश दे।"

सभापति महोदय, हमारे देश के अधिकांश राज्यों की आर्थिक स्थिति से यह समूचा सदन अच्छी तरह से वाकिफ है। आज अधिकांश राज्यों की आर्थिक स्थिति लड़खड़ा रही है। घाटे की अर्थव्यवस्था ने राज्यों को बहुत झकझोर दिया है। कई राज्यों की सरकारों द्वारा इतना अपव्यय किया जा रहा है, राज्यों के संसाधनों का इतना दुरुपयोग किया जा रहा है कि वे राज्य चल पायेंगे, इसमें भी एक आशंका है। कई राज्य तो म्युनिसिपेलिटी से भी बुरी हालत में चल रहे हैं। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए और गरीबी उपशमन के लिए विभिन्न मदों में राशि दी जाती है। लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि ऐसे राज्य जिनके पास बहुत कम संसाधन हैं और जो अपनी व्यवस्था में ही राशि का 90 परसेंट खर्च कर रहे हैं। वे राज्य गरीबी उपशमन की योजनाओं का लाभ, जो केन्द्र द्वारा दिया जाता है, नहीं उठा पा रहे हैं। अधिकांश राज्यों को इंदिरा आवास के अंतर्गत, जीवन जलधारा के अंतर्गत, ट्राइसेम योजना के अंतर्गत, जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत, सुनिश्चित रोजगार योजना के अंतर्गत, प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत और निराश्रित असहाय पेंशन योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निधियां दी जाती हैं। लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि अधिकांश राज्यों द्वारा इन निधियों का समुचित उपयोग नहीं किया जाता है। मध्य प्रदेश में जो असहाय, निराश्रित लोग हैं, उनकी पेंशन की राशि भी छः-छः महीने नहीं बढ़ती है और जब कभी छः महीने के बाद बढ़ती है तो एक महीने की पेंशन देकर छः महीने के मस्टर रोल पर अंगूठे लगवा लिये जाते हैं। यह यथार्थ है और इस तरह सबसे बड़ा अन्याय समाज के सबसे गरीब लोगों और पीड़ित लोगों के साथ होता है। यही हालत अधिकांश उत्तर भारत के राज्यों में खासकर हिंदी भाी राज्यों की है, वहां स्थिति बहुत खराब है।

सभापति महोदय, इसी तरह प्रधान मंत्री रोजगार योजना की राशि का मध्य प्रदेश में समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। यही स्थिति बिहार, राजस्थान, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश की भी है। मैं कुछ आंकडे यहां प्रस्तुत करना चाहता हूं - जवाहर रोजगार योजना का बिहार में नवम्बर, 1998 में केवल 44.40 परसेंट खर्च किया गया। मध्य प्रदेश में केवल 46.43 परसेन्ट खर्च किया गया। उड़ीसा में 51.26 परसेन्ट खर्च किया गया और पश्चिम बंगाल में केवल 37.24 परसेन्ट खर्च किया गया, जहां कि वामपन्थी सरकार है।

सभापति महोदय, इसी तरह सुनिश्चित रोजगार योजना के अन्तर्गत बिहार में 54.92, म.प्र. में 58.48, उड़ीसा में 57.40, राजस्थान में 66.22, उ.प्र. में 53.89 और प.बंगाल में मात्र 28.19 प्रतिशत और पूरे देश में 55.80 प्रतिशत खर्च हुआ है। देश के शो राज्य खर्च नहीं कर सके।

सभापति महोदय, इसी तरह 10 लाख कुआं योजना का जो हस्र हुआ है, मैं उसके कुछ राज्यों के आंकड़े देना चाहता हूं। बिहार में 55.19, म.प्र. में 37.35, उड़ीसा में 48.77, राजस्थान में 11.61, उ.प्र. में 53.40, प.बंगाल में 37.94 और पांडिचेरी में 0.67 प्रतिशत धनराशि खर्च हुई है। मैं कुछ खास राज्यों के आंकड़े ही दे रहा हूं। पूरे राज्यों के आंकड़े नहीं दे रहा हूं।

सभापति महोदय, इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वास्तविक व्यय बिहार में 51, म.प्र. में 70, उड़ीसा में 62, उ.प्र. में 41 और प.बंगाल में 27.29 प्रतिशत व्यय हुआ है। यही स्थिति ट्राइसम योजना के अन्तर्गत जो खर्च हुआ है उसकी है। नवंबर, 1998 तक ट्राईसम योजना के अन्तर्गत कारीगरों के प्रशिक्षण का प्रावधान है। इसमें जो खर्च हुआ है वह इस प्रकार है- बिहार में 29.29, म.प्र. में 35.25, उ.प्र. में 41.52 और प.बंगाल में 11.72 प्रतिशत खर्च हुआ है। यही स्थिति कारीगर औजार किटों के बारे में है। इसमें जो खर्च हुआ है वह तो नगण्य है और अगर मैं उसके आंकड़े सुनाऊंगा तो समय और बर्बाद होगा।

सभापति महोदय इसी प्रकार से इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत खर्च हुए धन की स्थिति है। इंदिरा आवास योजना में वित्तीय निपादन में अप्रेल 1998 से नबंवर 1998 तक म.प्र.में 35.67,उड़ीसा में 35.78, उ.प्र. में 47.32 और हरियाणा में 18.63, असम में 17.86 प्रतिशत धनराशि खर्च हुई है। महोदय यही स्थिति सूखा बहुल योजना की वित्तीय प्रगति की है। बिहार में 17.43, म.प्र. में 28.73, प.बंगाल में 1.96, उ.प्र. में 37.73 प्रतिशत धन खर्च हुआ है। इंदिरा आवास योजना में 1998-99 में जो खर्च हुआ है उसके अनुसार वित्तीय निपादन आन्ध्र प्रदेश में 72.74, म.प्र. में 49.32, प.बंगाल में 20.99, बिहार में 11.52 प्रतिशत है।

सभापति महोदय, जो सबसे महत्वपूर्ण बात है वह है वृद्धावस्था योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली पेंशन की राशि का भी सदुपयोग नहीं किया गया है। जो पैसा इसके अन्तर्गत रिलीज हुआ है और जो राशि आबंटित की गई है उसमें भी बहुत कम खर्च हुआ है। म.प्र., बिहार, उ.प्र. और प.बंगाल में भी यह पूरी राशि खर्च नहीं हुई है। इससे लोगों की कटिनाइयां बढ़ी हैं।

सभापति महोदय, इसी प्रकार से राट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत भी बहुत कम धन खर्च हुआ है जो चिन्ताजनक है।

मध्यप्रदेश में कुल 350 करोड़ रुपया रिलीज हुआ है जबकि एलॉटमैंट 1040 करोड़ रुपया है। इसी तरह विभिन्न राज्यों में पूरी राशि खर्च नही हुई। अधिकांश राज्यों की वित्तीय व्यवस्था चिन्ताजनक स्थिति पर पहुंच गई है। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को अपने राज्य की फिक्र नहीं है जिसमें मध्य प्रदेश, बिहार की चर्चा होती है। लेकिन मध्य प्रदेश ने बिहार को भी पीछे छोड़ दिया है।

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री ने स्टैबलिशमैंट का व्यय मध्य प्रदेश की विधान सभा में जो प्रस्तुत किया, उसके हिसाब से 90.97 प्रतिशत भाग स्टैबलिशमैंट में खर्च किया

गया। यह वह सरकार है जिसके मुख्यमंत्री और पांच मंत्रियों ने केवल चार महीने में 2 करोड़ 67 लाख रुपये की हवाई यात्रा की। भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन के लिए यानी कुएं बनाने के लिए, असहायों के लिए अथवा अन्य निर्माण कार्य के लिए जो राशि दी जाती है, वह भी व्यय नहीं होती। मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मध्य प्रदेश में नैशनल हाईवे के मद में रखी गयी राशि में से 61 करोड़ रुपये का खर्च नहीं किया गया। आखिर यह राज्य सरकारें क्या कर रही हैं "ऋणम कृत्वा घृतम् पिवे" कर्ज लेकर घी पीने का काम करते हैं। अभी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल का और विस्तार कर लिया है। वहां पर कई दलों की सरकार न होकर एक दल की सरकार है।

**श्री रमेश चेन्नितला (मवेलीकारा) :** आप विषय पर बोलिये।

**श्री रामानन्द सिंह :** मैं विषय पर ही बोल रहा हूं। आप कृपा करके सुनने की कोशिश करिये। जिन सरकारों के पास आर्थिक संसाधन हैं। â€¦( व्यवधान)

**श्री रमेश चेन्नितला :** उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में कितने मंत्री हैं?

**श्री रामानन्द सिंह :** मैं उत्तर प्रदेश के लिए नहीं कहता कि वहां नहीं है। मैं यह कह रहा हूं कि चार महीने में उत्तर प्रदेश की हवाई यात्रा में जो 2 करोड़ 67 लाख रुपये का खर्चा हुआ, उससे तो कुछ जिलों में सबको गर्मी में पीने का पानी मिल जाता। आज वहां हैंडपम्प बंद पड़े हैं। वे कहते हैं कि पंचायती राज हो गया है इसलिए पंचायतें चलायेंगी। इसी तरह ग्रामीण जलप्रदाय योजनायें बंद पड़ी हैं। एक भी राज्य में कोई भी सड़क चलने लायक नहीं है। सिंचाई के कार्यालयों में दफ्तर बना है। विद्युत मंडल कई ग्रामीण अंचलों में क्या शहरों में भी बिजली की सप्लाई नहीं कर रहा है। इसी तरह 27 हजार छोटे कर्मचारियों को निकाला गया है। अभी लाखों को निकालने की योजना है। मैं जानना चाहता हूं कि जब सरकार के पास तन्ख्वाह देने के लिए पैसा नहीं है तो फिर मंत्रिमंडल का विस्तार किस आधार पर हो रहा

है?

मैं यह किसी एक राज्य के लिए नही कह रहा। मैं एक जनरल बात कह रहा हूं कि जो भी राज्य सरकारें अपने आर्थिक प्रबंधन की चिन्ता किये बगैर अनाप-शनाप खर्च करती जा रही है, इससे देश की समस्याएं बढ़ने वाली हैं। मैं भारत सरकार को भी कहना चाहता हूं कि उसे बहुत ज्यादा कर्जा लेकर चलने की आवश्यकता नही है। भारत सरकार भी लाखों-हजारों करोड़ रुपये का कर्जा लेकर चल रही है। इस तरह हम देश को कब तक चलायेंगे? आप बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को बुलाइये या जो कुछ भी करिये लेकिन कुछ पालिसी होनी चाहिए जिससे यह देश अपन पैरों पर खड़ा हो सके। राज्य सरकारों के विषय को केन्द्र सरकार कब तक यह कह कर छोड़ती रहेगी कि यह राज्य का विषय है। अंततोगत्वा यह देखना होगा कि राज्य अपनी सीमाओं के अंदर खर्चा करे, आर्थिक संसाधन जुटाए और आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति हो। लोगों को पानी मिले, काम मिले बेरोजगारी दूर हो, स्कूल, अस्पताल हों। मैं कहना चाहता हूं कि हजारों स्कूलों की बिल्डिंग नहीं है। हजारों गांव में पीने का पानी नहीं है। गांवों में जो हैंडपम्प बिगड़े पड़े हैं, उनकी मैनटेनेंस की आप व्यवस्था करें। मध्य प्रदेश में 1,600 ग्रामीण जलप्रदाय योजनायें बंद पड़ी हैं क्योंकि राज्य सरकारें कहती हैं कि हमने इसे ग्राम पंचायतों को दे दिया है। लेकिन ग्राम पंचायतों के पास कोई संसाधन नहीं हैं। आखिर राज्य सरकारों को इनकी मैनटेनेंस का खर्चा ग्राम पंचायतों को देना चाहिए। इस तरह जवाबदेही ग्राम पंचायतों और म्युनिसपैलिटी पर डाल कर लोगों की कठिनाइयां बढ़ाना उचित नहीं है।

मैंने जो आंकड़े दिये हैं, केन्द्र सरकार कुओं के लिए, इंदिरा आवास के लिए, ग्रामीण विकास के लिए, निराश्रित पैंशन के लिए जो पैसा देती है, उसका समुचित उपयोग वहां पर नही होता है। वे वहां पर आर्थिक तंगी बताते हैं। भारत सरकार जो राशि देती है, उस राशि का 50-70 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकारें खर्च नहीं करती हैं।

इससे गरीबों की कठिनाइयां बढ़ती हैं और इसलिए यह जरूरी है कि भारत सरकार इस विषय पर ध्यान दे, राज्य सरकारों को बुलाये, मंत्रियों को बुलाये, उनको समझाये और बाकायदा हिदायत भी करे। लेकिन घाटे की अर्थव्यवस्था नहीं चलेगी। अब आप कह रहे हैं कि मध्य प्रदेश में 29 हजार करोड़ रुपये का घाटा है, इसको कौन पाटेगा ? कैसे मध्य प्रदेश अपने पैरों पर खड़ा होगा। राज्य सरकारें जो मनमाना अनाप-शनाप खर्च कर रही हैं, इस पर अंकुश लगना चाहिए। आप महसूस करेंगे कि यह प्रस्ताव देश की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। मैं तो चाहता था कि इस प्रस्ताव पर आप सभी लोग चर्चा करें। पार्टी पोलिटिक्स से ऊपर उठकर हम लोग इस पर चर्चा करें ताकि जो राज्य सरकारों की हालत खस्ता होती जा रही है और केन्द्र सरकार के अपने आर्थिक संसाधनोंके बावजूद भी चाहे विकास के लिए, गरीबी शमन के लिए और विभिन्न मदों के लिए पैसा देती है, उसका राज्य सरकारें सदुपयोग करें।

मध्य प्रदेश में एस.सी., एस.टी. के लोग पूरी आबादी के 34 परसेंट हैं। 320 के सदन में एस.सी., एस.टी. के 108 विधायक होते हैं। वहां आदिवासी कल्याण उपयोजनाओं के लिए अरबों रुपये यहां से जाते हैं। अभी मध्य प्रदेश में, भारत सरकार के कल्याण राज्य मंत्री का बयान हमने 15 दिन पहले पढ़ा था कि यहां से कितने सौ करोड़ रुपया वापस हो गया, खर्च ही नहीं हुआ। आज बस्तर के लोग, सरगुजा के लोग, सीधी के लोग, झाबुआ के लोग जहां के तहां पड़े हैं और आदिवासी विकास योजना के नाम पर अरबों रुपया खर्च हो गया। आखिर यह क्या हो रहा है और इसको कौन रोकेगा। यह कहकर कैसे बात टाली जा सकती है कि यह राज्य का विषय है। क्या राज्य को यह स्वतंत्रता दी जा सकती है कि अरबों खरबों की धनराशि का वह दुरुपयोग करे और घाटे की अर्थव्यवस्था बताये और केन्द्र जो भी पैसा दे, उसका भी समुचित दोहन और खर्च जनहित में न करे। इसलिए यह आवश्यक है, यह सबसे महत्वपूर्ण समय है, आज तक के 50-52 वर्ष बाद कि भारत सरकार राज्य सरकारों की बैठक लेकर एक-एक की समीक्षा करे। जैसा अभी भाई साहब पहाड़ी क्षेत्र के बारे में बोल रहे थे। इसी तरह केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की भी समीक्षा होनी चाहिए। अभी यहां के ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि जितनी ग्रामीण योजनाएं हैं, इनका डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन हम सांसदों को बनाएंगे तो मुझे पता चला कि कई मुख्यमंत्रियों ने आपत्ति भेज दी। आपत्ति क्यों होनी चाहिए। जिला पंचायत का अध्यक्ष, जिसे दस लोगों ने चुन लिया, वह डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन होगा और 15 लाख लोग जिसको चुनेंगे, वह सांसद डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन क्यों नहीं होना चाहिए। आखिर सांसद को संसदीय क्षेत्र की कुछ चिन्ता होगी कि जो पैसा केन्द्र से आये, वह खर्च हो। केन्द्र का पैसा जा रहा है, मनमाना खर्चा हो रहा है, इस पर कहीं नियंत्रण और रोक होनी चाहिए। हम राज्यों पर अविश्वास नहीं करते, केन्द्र और राज्यों को मिलकर इस देश को चलाना है। हमारा संघीय संविधान है, संघीय व्यवस्था है, इस संघीय व्यवस्था में भी इतनी छूट नहीं दी जा सकती कि कोई मुख्य मंत्री हवाई यात्रा पर 3-3 करोड़ रुपये खर्च कर दे और एस.सी., एस.टी. और गरीबों की योजनाओं का पैसा लैप्स हो जाये, केन्द्र का पैसा लैप्स हो जाये या वापस हो जाये। इसलिए मेरी यह प्रार्थना है कि इस विषय पर यह सदन विचार करे। सभी माननीय सदस्य देश के व्यापक दृष्टि से पार्टी की राजनैतिक विचारधारा से ऊपर उठकर इस आर्थिक संकट की घड़ी में इस देश के ऊपर बहुत बड़ी चुनौती, बहुत बड़ा संकट आने वाला है, इसलिए इस पर विचार करें। कई राज्य सरकारें जो गैरजिम्मेदाराना ढंग से काम कर रही हैं, आर्थिक कुप्रबन्धन, फाइनेंशियल मैनेजमेंट नहीं कर रही हैं, लापरवाही बरत रही हैं और अनाप-शनाप खर्चा कर रही हैं, इस पर रोक होनी चाहिए और केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की धनराशि को गरीबी शमन की योजनाओं की धनराशि को जनहित में खर्च करना चाहिए, तभी इस देश का समुचित विकास होगा।

यही संकल्प प्रस्तुत करते हुए मैं इस पर चर्चा के लिए अपने विचार सदन के सामने रखता हूं।

SHRI RAMESH CHENNITHALA (MAVELIKARA): Mr. Chairman Sir, at the outset, I would like to thank our honourable colleague, Shri Ramanand Singh for moving this very important Resolution. In his opening speech, he has mentioned about various centrally sponsored schemes and their implementation. There are three types of

centrally sponsored schemes in our country. One scheme is meant for poverty alleviation.

17.00 hrs.

The second is meant for employment generation and the third is meant for the grants for the Special Area Programmes. These are the three Centrally-sponsored Schemes implementing in our country for years. In every democratic system, it is the duty of the Government to protect the poorest of the poor. These three important poverty alleviation and employment generation schemes have been formulated and the principle behind this is the *Antyodaya.* The *Antyodaya* principle is for targeting the poorest of the poor. So, this principle is behind these three important Centrally-sponsored Schemes. It is the duty of every popular Government or democratically-elected Government to see that the burden of the poor is lessened. Then only we can assess the performance of the Government. So, after giving a deep thought, these three Centrally-sponsored Schemes were implemented in our country. The question is whether the Government are able to implement these programmes effectively; whether the money earmarked for the Schemes is properly utilised or not; whether the benefit is reaching the poor or not and whether the physical as well as the financial targets are achieved or not. These are the important questions raised by my friend, hon. Shri Ramanand Singh, through this Resolution.

Sir, this is a very serious issue which has to be properly addressed. First, I want to address the question of poverty alleviation programmes. Poverty is a social evil. Since Independence, we are trying to eradicate poverty. On the one hand, we are trying to eradicate poverty through the different Schemes running

through Central as well as the State Governments. At the same time, the population is increasing in a very high rate. Today, even in the villages, there are poor people who do not have a single meal a day. Even in village areas, people are struggling to get food for one time a day. They do not have enough opportunities for getting jobs. As a result of this, starvation deaths are also taking place in some remotest places in our country and there is total poverty. So, keeping this in mind, the Integrated Rural Development Programme has been formulated. Under this Scheme, 50 per cent grant will be given by the Centre and the 50 per cent matching grant will be given by the States. Through this programme, we have achieved a lot. There is no doubt about it. We are targeting the poor people who are below the poverty line. We are trying to give some assistance to these people. The banks are also helping them financially. In certain areas, we can see that the non-cooperation of the financial institutions is the biggest impediment in implementing this Scheme.

We can see that the banks are not ready to achieve the target which is earmarked. They are not interested in giving the loans under the IRDP scheme; they are interested in giving big loans to big people, to corporate houses, rich people. They are not even ready to achieve their targets. If we go through the IRDP, we can see that banks are creating a lot of hurdles for the implementation of this programme. At the same time, Sir, the Centre is allotting 50 per cent grant and the matching grant has to be provided by the State Government. Today, almost all the State Governments are facing financial crunch. Due to the financial problems faced by the State Governments, they are not in a position to supplement the matching grant. As a result of this, we are not in a position to utilise the funds which are earmarked by the Central Government.

Sir, see the achievements in the last year. The total allocation in 1998-99 was Rs.1456.28 crore and the funds utilised were Rs.671.45 crore. The percentage of total utilisation of available funds was 46.11 per cent. This is very unfortunate. The Standing Committee of Parliament has gone into the details. They had assessed that this is a very dismal picture. They had asked the Department as to what are the reasons for the poor utilisation of funds earmarked by the Central Government. They said that many of the States are not giving the matching grants. This is an alarming situation. Every State Government has to provide 50 per cent of the grant along with the 50 per cent grant of Central Government. Most of the State Governments are not taking care of this.

Under the Chairmanship of Dr. Murli Manohar Joshi, Public Accounts Committee − I was a Member of that Committee − went to different States. We examined the performance of the IRDP and other employment guarantee schemes. It was shocking to note that money earmarked for the Centrally-sponsored schemes are diverted by the State Governments. Take for example, West Bengal. It is highly shocking. We were there in Calcutta and we have gone into the records extensively. We summoned the officers. The Public Accounts Committee was shocked to note that more than 50 per cent of the money earmarked for the poverty alleviation and employment guarantee schemes are diverted by the State Government. Do you know that the Accountant General had also mentioned about this. The case was pending in the Calcutta High Court.

The money earmarked by the Central Government is not properly utilisied. It was diverted for other purposes. It was diverted even for paying the salaries of the Government employees. This money was utilised for paying salaries by the State Governments. This is highly objectionable. This scheme is meant for the poverty alleviation programme. This scheme is targeted for the poorest of the poor. This scheme is for providing social security for the poor people who are struggling. Unfortunately, the State Governments are not taking seriously this scheme. I wanted to quote

the Report of the Standing Committee. It says:

> "The Standing Committee noted increase of Rs.1119 crore in the financial allocation (Central share) for IRDP during 1999-2000."

The Standing Committee has also stated that the utilisation of the total available fund during 1998-99 was only 46.11 per cent. This is surprising . As far as the Integrated Rural Development Programme is concerned, 50 per cent of the money is earmarked by the Central Government and 50 per cent matching grant is given by the State Governments. This programme is implemented through the District Rural Development Agency and the District Rural Development Agency implements it through Block Development Offices. But the benefits are not reaching the poorest of the poor in our villages. To see whether the benefits are reaching the poor people, earlier there was a provision for concurrent evaluation. I do not know whether the concurrent evaluation is now taking place or not. Some reputed Non-Governmental Organisations were given this job. They used to evaluate both the financial and physical performance in various districts and they used to suggest remedies to rectify the defects.

The main problem in the IRDP is the lack of selection of viable schemes by the beneficiaries. The officials are not giving proper advice to the beneficiaries to select viable schemes. Due to non-selection of viable schemes, the schemes are failing. As a result, the poor people are not able to repay the loan and finally recovery proceedings are launched against them. Earlier, DRDA officials and Block Development Officers, after taking into consideration various aspects, used to prepare viable schemes, in consultation with the beneficiaries. Unfortunately, 60 per cent of the schemes selected under IRDP are found to be defective. The main reason for this is that the schemes that are prepared in Rajasthan may not be feasible in Madhya Pradesh and schemes that are prepared for Madhya Pradesh may not be feasible in Himachal Pradesh. So, the schemes have to be formulated keeping in mind the local circumstances. Then only, they can be implemented properly and the poor will get benefits out of them.

So, I would like to once again emphasis that the IRDP schemes should be streamlined and there should be concurrent evaluation. Then, the Central Government should have a proper monitoring system. Now, we have the modern facilities. The Ministry can be directly connected with all the district headquarters in the country through computer, and by sitting in his office, the Minister can monitor the progress of financial and physical achievements in every quarter.

Secondly, the scheme called, 'Development of Women and Children in Rural Areas' is mainly targeted towards the women and children of our country. This is a component of the Integrated Rural Development Programme. Then, the scheme called `Training of Rural Youth for Self-Employment' is another component of the IRDP. If we go through these two schemes, we can see that they remain only on paper. No proper training is given to anybody under TRYSEM. Interestingly, all the Industrial Training Institutes that are functioning in our country are entrusted with this work and they are only getting the benefits.

They will get all the benefits. They will take the stipend, etc., will be taken by the ITI people in collusion with the Block Development Officer and other officials. What will happen finally is that the beneficiary will not get any benefit.

Regarding SITRA - Supply of Improved Toolkits to the Rural Artisans - I do not know whether any the honourable seniormost Member in this House, has heard about this scheme or not. Is he aware that such a scheme is available in the rural areas? The Scheme aims at providing proper assistance to the rural artisans by giving tools to them for carrying out their agricultural operations and other things. This is the fate of our Poverty Alleviation Programmes.

Next, I come to the Employment Generation Programmes. The employment generation programmes are: JRY, *Indira Avas Yojana*, Million Wells Scheme and Employment Assurance Scheme. Now, the Government has clubbed all these Schemes into two. They are allergic to the name of Pandit Jawaharlal Nehru and Shrimati Indira Gandhi. So, they have changed the names.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI V. DHANANJAYA KUMAR): It is because of the changing times.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): You only change the names. That is your achievement.

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR): That is the beginning. ...(*Interruptions*)

SHRI RAMESH CHENNITHALA : All right. ...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI A. RAJA): We are always giving respect to Pandit Jawaharlal Nehru and Shrimati Indira Gandhi....(*Interruptions*) Even the *Jawahar Rozgar Yojana* has been changed to *Jawahar Samridhi Gram Yojana.*

SHRI RAMESH CHENNITHALA : I may be corrected. ...(*Interruptions*) When we came to power, we never changed the names. The IRDP was started during the time of Shri Morarji Desai. We never changed the scheme. I do not want to go into those details. The point is that the schemes, like JRY, aimed at creating more employment opportunities in the rural areas and creating more permanent assets in the rural areas. This scheme has definitely contributed a lot in the rural areas, especially in my State. I can very well say that under the JRY, we had implemented a lot of rural programmes. But there are certain complaints that this money has not been properly utilised. Now, it is being implemented through the *Panchayat* system. There are a lot of complaints regarding that also. I do not want to go into that. The point is that the Central Government is giving money. The same thing is happening here. The matching grant is not provided by the State Governments. Because of that, under-utilisation can be seen there. Earlier, the ratio was 80:20. The share of the Central Government was 80 per cent while that of the State Government, it was 20 per cent. Unfortunately, we are able to say that 20 per cent was not primarily provided by the State Government. Because of that, every programme will be rushed in the last quarter to show in the accounts that we have implemented it to the extent of hundred per cent or 75 per cent.

We are able to see that the *Indira Avas Yojana* has also not been implemented properly in certain States. The Million Wells Scheme has met the same fate. Because of paucity of time, I do not want to go into the details of these programmes.

My request to the Hon. Minister is that there should be an evaluation of these programmes whether these are being implemented properly by the institutions or not. These programmes are being implemented by the *Panchayat* institutions. They are answerable. So, there should be some kind of inspection or some kind of evaluation on the part of the Central Government about this programme. The Blocks and the DRDAs have to be strengthened.

I agree with our hon. colleague that a Member of Parliament or an elected representative should be the Chairman of the DRDA so that these programmes can be implemented properly.

We are answerable to the people, so we will be more conscious when implementing these programmes. The most important thing is that the Rural Development Department has to be strengthened properly and the middlemen should be avoided.

As has been rightly pointed out by my hon. Colleague, our former Prime Minister, late Rajiv Gandhi once said that when we are spending one rupee, the beneficiary is getting only 16 paise out of that. This has to be avoided and the States should be directed that they should give matching grant properly so that these programmes can be implemented effectively.

Sir, the Standing Committee on Urban and Rural Development has given another suggestion that as most of the States are facing financial crunch, the Centre should give the State"s share along with the Centre"s share. It can be considered as a loan which has to be repaid by the State. This is a new suggestion given by the Standing Committee of the Parliament.

I think, the Government should seriously consider this, ponder over this issue and make these programmes effective.

Thank you very much.

**श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) :** माननीय सभापति महोदय, मैं सम्माननीय सदस्य रामानन्द सिंह जी के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। प्रस्ताव बड़ा सामयिक है कि केन्द्र से जो धनराशि प्रदेश के विकास के लिए जाती है, और गरीब किसानों, बेरोजगार नौजवानों, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले इंसानों के उत्थान के लिए जो पैसा जाता है, उन्हें प्रदेश सरकारें पूरा खर्च नहीं कर पातीं। माननीय सदस्यों ने कहा कि केन्द्र सरकार उस पैसे का उपयोग करने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश दे। संविधान के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को जो अधिकार प्रदत्त हैं, उसके अनुसार वह बीच-बीच में राज्य सरकारों से इस बारे में आग्रह कर सकती है।

संविधान समीक्षा की बात इसलिए की जाती है कि किसी प्रदेश के ऊपर आर्थिक एमर्जेंसी लगा दी जाए और वह उस समय केन्द्र सरकार की अनुमति से पैसा खर्च करें। इससे केन्द्र सरकार द्वारा दिए पैसे को राज्य सरकारें ठीक ढंग से खर्च करेंगी।

विडम्बना है कि हम कर्जे में हैं। इस वर्ष के बजट में शुद्ध आय दो लाख करोड़ रुपए हैं। पचास वर्षों में जितना देश के विकास के लिए कर्जा लिया गया, हमने उसके ऊपर काफी ब्याज दिया। इसकी एक किश्त एक लाख 24 हजार करोड़ रुपए की दी गई। शुद्ध आय के अलावा 25 हजार करोड़ रुपया ऋण के रूप में लिया जाता है। सेना को सजाने और देश के विकास के लिए हम विदेशों और विश्व बैंक से ऋण ले रहे हैं।

वही हालत आज प्रदेशों की है। अभी मध्य प्रदेश की बात आई। उनके ऊपर 29 हजार करोड़ रुपये का कर्जा है। अब तो केन्द्र से उनको वर्षों से छूट है कि वे चाहें तो विश्व बैंक से कर्जा ले लें। अनेक प्रदेशों ने लिया है जिनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। यह क्या हो रहा है? हमें ऐसा लगता है कि जैसे बहुत सी कम्पनियां प्राइ

वेट लिमिटेड हो जाती हैं और वे आर्थिक रूप से दिवालिया हो जाती हैं लेकिन उसका डायरेक्टर मालामाल हो जाता है, उसी प्रकार देश में पिछले 50 साल से जो आर्थिक हालत इस देश की हुई है, उसमें प्रशासन के अधिकारी मालामाल हो गये हैं लेकिन देश कर्जे में डूब गया है। देश गरीब हो गया है जबकि राजनेता और अधिकारी मालमाल हुये हैं। यही हालत प्रदेशों की है। यदि ऐसा चलता रहा तो देश बिक जायेगा आज आवश्यकता इस बात की है कि संविधान की समीक्षा की जाये। माननीय सदस्य जो संकल्प लाये हैं और उन्होंने कहा है कि राज्य सरकारों को निर्देश दिया जाये तो मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं । इसलिये यह आवश्यक है कि संविधान संशोधन की समीक्षा हो। मैं देश के दो राज्यों का नाम लूंगा - मध्य प्रदेश और बिहार, जहां की आर्थिक स्थिति खराब है। इन पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये जायं। वे राज्य सरकारें बिना केन्द्र की अनुमति के एक पैसा भी खर्च न करें ताकि सभी प्रदेश अपने सही रास्ते पर चल सकें।

इन्ही शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूं ।

